भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

मौखिक प्रश्न सं. 164

गुरूवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तमिलनाडु को वित्तीय सहायता**

**164 श्री आर. गिरिराजन:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु में अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त पर्यटन स्थलों के समान उन्नत सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक अवसंरचना को विकसित करने के लिए कोई वित्तीय सहायता प्रदान की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान अधिकाधिक अंतरराष्ट्रीय और घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने वाले पर्यटन स्थलों की अवसंरचना के विकास के लिए तमिलनाडु को कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ग) क्या सरकार ने भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) द्वारा संचालित दर्शनीय स्थलों की यात्राओं को सुविधाजनक बनाने के लिए आईटीडीसी लिमिटेड के माध्यम से अधिक नई अत्यधिक सुविधासम्पन्न (अल्ट्रा लग्जरी) वातानुकूलित (एसी) बसों और वाहनों की खरीद की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री आर. गिरिराजन द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तमिलनाडु को वित्तीय सहायता के संबंध में दिनांक 13.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 164 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ग): पर्यटन का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से तमिलनाडु सहित देश के अन्य हिस्सों के विभिन्न पर्यटन उत्पादों को विकसित करके और बढ़ावा देकर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' के माध्यम से तमिलनाडु राज्य सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत तटीय परिपथ के तहत तमिलनाडु में एक परियोजना को मंजूरी दी गई थी। पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप प्रदान किया है, जिसका उद्देश्य गंतव्य और पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण का पालन करते हुए टिकाऊ और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों को विकसित करना है। इसके तहत 'शोर मंदिर में अद्भुत अनुभव' नामक परियोजना को मंजूरी दी गई है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत एक उप-योजना 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं, जिसका उद्देश्य पर्यटकों के अनुभव में वृद्धि के लिए गंतव्य का समग्र विकास करना है। तमिलनाडु राज्य में विकास के लिए रामेश्वरम द्वीप और तंजावुर की पहचान की गई है।

प्रशाद योजना के तहत, मंत्रालय ने 'कांचीपुरम के विकास' और 'वेलांकन्नी के विकास' के लिए दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

पर्यटकों के लिए अधिकाधिक रूप से सुविधाएं और रियायतें प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए रेल मंत्रालय और

पर्यटन मंत्रालय द्वारा लागत को 50:50 के हिसाब से साझा करने के आधार पर रामेश्वरम और मदुरै रेलवे स्टेशन के संयुक्त विकास के लिए दो परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी।

भारत सरकार ने प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के लिए पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) से संबंधित दिशानिर्देशों के तहत तमिलनाडु में दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

पर्यटन मंत्रालय की उपर्युक्त योजनाओं के तहत तमिलनाडु राज्य के लिए स्वीकृत परियोजनाओं और आवंटित निधि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने आईटीडीसी लि. द्वारा दर्शनीय स्थलों का दर्शन कराने की सुविधा प्रदान करने के लिए कोई वाहन नहीं खरीदा है।

*****

**अनुबंध**

श्री आर. गिरिराजन द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तमिलनाडु को वित्तीय सहायता के संबंध में दिनांक 13.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 164 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**तमिलनाडु राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परिपथ | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | जारी/प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में)* | उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तटीय परिपथ | 2016-17 | (चेन्नई-मामल्लापुरम-रामेश्वरम-मनपाडु-कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 | 71.03 | 71.03 |

*इसमें केंद्रीय क्षेत्र की योजना के लिए टीएसए मॉडल के माध्यम से सीएनए को प्राधिकृत राशि शामिल है।

**तमिलनाडु राज्य के लिए स्वदेश दर्शन** 2.0 **के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में अद्भुत अनुभव | 30.02 | 29-02-2024 |

**तमिलनाडु में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत विकास के लिए पहचान किए गए गंतव्य**

| क्र. सं. | गंतव्य | श्रेणी |
|---|---|---|
| 1 | रामेश्वरम द्वीप | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 2 | तंजावुर | संस्कृति एवं विरासत |

**पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास के अंतर्गत तमिलनाडु में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | जारी राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क का विकास | 99.67 | 112.13 |
| 2 | देवाला में फूलों का बगीचा | 70.23 | |

**तमिलनाडु राज्य के लिए प्रशाद के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत लागत | जारी राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 |
| 2 | वेलांकन्नि का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 |

**तमिलनाडु में केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | एजेंसी | स्वीकृत की तिथि | स्वीकृत राशि (लाख रु. में) | जारी राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चेन्नई बंदरगाह पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज़ यात्री सुविधा केंद्र | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 24-09-2012 | 1724.66 | 1724.66 |

**तमिलनाडु में केंद्रीय एजेंसियों की सहायता योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के संयुक्त विकास के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | कुल जारी राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | रामेश्वरम रेलवे स्टेशन | 4.7 | 3.758 |
| 2 | मदुरै रेलवे स्टेशन | 4.48 | 3.56 |

*****